By-Emai
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.con

# कार्यालय

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय
वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 3456 / न्यूज कटिंग / 140 दिनांक 01/07/26

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषयः— **जनपद सम्भल के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 01.07.2026) में अमर उजाला में प्रकाशित न्यूज के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (01.07.2026) में प्रकाशित न्यूज कटिंग, अधोहरताक्षरी को Whatsapp के माध्यम से इस खण्ड को प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है—

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है—

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| "550 गांवों में सड़क मरम्मत का काम पूरा होने का दावा.... धरातल पर टूटी पड़ी सड़के". | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 556 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 860) में 860 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 575 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 559 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 151 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 93.52 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेवशन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **हरसिंहपुर पेयजल योजना (ग्राम शफातनगर)** में M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त योजना में बोरिंग का कार्य पूर्ण पम्प हाउस कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 7.79 कि0मी0 के सापेक्ष 7.34 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 798 नग के सापेक्ष 186 नग पूर्ण पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेबल कर दिया गया है। |

Scanned with CamScanner

➢ फूल्लापुर बेद उर्फ पाशापुर योजना वि0ख0 असमोली में M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, बॉउड्रीवॉल का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 11.54 कि0मी0 के सापेक्ष 8.33 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 872 नग के सापेक्ष 380 नग पूर्ण एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है।

➢ टांडा योजना वि0ख0 असमोली में मैसर्स पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, पाइप लाइन 8.53 कि0मी0 के सापेक्ष 8.05 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 626 नग के सापेक्ष 610 नग पूर्ण एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को की पूर्व में मरम्मत करा दी गयी है।

➢ बुकनाला योजना वि0ख0 असमोली में योजना के अन्तर्गत समस्त कार्यों को पूर्व में ही पूर्ण कर दिनांक 23.09.2021 को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तगत कर दी गयी थी। वर्तमान में योजना के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु शासन से सूचीबद्ध फर्म M/S OMIL-JWIL (JV),NEW DELHI द्वारा मरम्मत कार्य की डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित कर दी गयी है।

➢ मतावल पट्टी जग्गू योजना वि0ख0 असमोली में मैसर्स पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य 2nd ब्रेस तक पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत, पाइप लाइन 8.78 कि0मी0 के सापेक्ष 7.38 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 570 नग के सापेक्ष 490 नग पूर्ण एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है।

➢ बेला पट्टी जग्गू योजना वि0ख0 असमोली में मैसर्स पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन 11.15 कि0मी0 के सापेक्ष 11.04 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 891 नग के सापेक्ष 612 नग पूर्ण एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है।

➢ करकौरा योजना वि0ख0 रजपुरा में M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य फुल स्टेजिंग तक पूर्ण, बॉउड्रीवॉल का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 6.15 कि0मी0 के सापेक्ष 3.55 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 730 नग के सापेक्ष 50 नग पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है।

➢ बिकमपुर ताहरपुर पेयजल योजना में M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। शिरोपरि जलाशय का कार्य अवशेष, पम्प हाउस का कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण बॉउड्रीवाल का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण पाइप लाइन का कार्य 9.94 कि0मी0 के सापेक्ष 7.37 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 800 नग के सापेक्ष 155 नग पूर्ण। पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है।

| | |
|---|---|
| | ➢ **चन्दनकटी मौजा पेयजल योजना वि0ख0 बहजोई** में M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। शिरोपरि जलाशय का कार्य ग्राउण्ड लेवल तक पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 80 प्रतिशत पूंर्ण बॉउण्ड्रीवाल का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण पाइप लाइन का कार्य 5.98 कि0मी0 के सापेक्ष 5.24 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 460 नग के सापेक्ष 45 नग पूर्ण। पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है।<br><br>➢ **वारीपुर भमरौआ योजना वि0ख0 सम्भल** में मैसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य फुल स्टेजिंग तक पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत, पाइप लाइन 7.96 कि0मी0 के सापेक्ष 6.50 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य 932 नग के सापेक्ष 440 नग पूर्ण एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। |

जनपद में बिछाई गयी पाइप लाइन की हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त अस्थाई/मोटरेबल किये गये मार्गों को स्थायी रूप से मरम्मत कर दिया जायेगा। उक्त समस्त योजनाओं के कार्य निर्माणाधीन है, जिन्हें जल सार्थी एप पर कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त शीघ्र ही रजिस्टर कर दिया जायेगा। **जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है।**

भवदीय

(मुजीब अहमद)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– जिलाधिकारी महोदय, जनपद सम्भल।
3– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद सम्भल।
5– जिला सूचना अधिकारी, सम्भल।
6– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
7– समस्त अनुबन्धित फर्मों को इस निर्देश के साथ कि उक्त पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कराते हुये रास्तों की स्थाई रूप से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# ews: 550 गावा म सड़क मरम्मत का काम पूरा हान का दावा.. र टूटी पड़ीं सड़कें

ने न्यूरो
ated Wed, 01 Jul 2026 02:35 AM IST




भल। जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत 860 गांवों में से 723 में कार्य निर्माणाधीन है। दावा किया जा रहा है कि 550 गांवों में सड़क रम्मत का कार्य 100 फीसदी पूरा हो चुका है, लेकिन धरातल पर तस्वीर अलग नजर आ रही है। अधिकांश गांवों में सड़कें टूटी हुई हैं और लोगों ा आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

ासमोली ब्लॉक क्षेत्र के गांव शफातनगर, बेला समेत कई गांव इसकी बानगी हैं। जबकि विभागीय अधिकारियों ने 22 मई की समीक्षा बैठक में 25 न तक सड़क मरम्मत पूरी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन हालात अब भी जस के तस हैं। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ामवार को मुरादाबाद दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत को लेकर संज्ञान ाया। उन्होंने अधिकारियों को सड़कें दुरुस्त कराने और लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश ए।

नपद में जल जीवन मिशन का कार्य तीसरे चरण में चल रहा है। इस चरण में ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक, पाइपलाइन, सौर ऊर्जा प्लांट, रेलू नल कनेक्शन और सड़क मरम्मत समेत करीब 90 फीसदी कार्य पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है। वहीं 860 में से 575 गांवों में नियमित लापूर्ति भी बताई जा रही है।

वाद न्यूज एजेंसी की पड़ताल में असमोली ब्लॉक के शफातनगर, बेला, मुबारकपुर बंद, खासपुर, मतावली पट्टी जग्गू, टांडाकोठी, बुकनाला और ल्हापुर बंद उर्फ दारापुर समेत कई गांवों में सड़कें टूटी मिलीं और निर्माण कार्य अधूरा पाया गया। इसी तरह रजपुरा, पवांसा, बहजोई और संभल लॉक क्षेत्र के कई गांवों में भी सड़क मरम्मत अधूरी है।

0000

ह बोले लोग

ांव में सड़कें टूटीं हुई हैं। कई साल से समस्या है। ठीक कराने के लिए प्रयास भी किए हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बारिश का मौसम शुरू ने वाला है तो समस्या और बढ़ जाएगी।

Scanned with CamScanner

ल रही है। सड़कें भी टूटी हुई हैं। आवागमन में मुश्किल हो रही है। कई बार सड़क को सही कराए जाने की मांग
सकी है।

गांवों में सड़कें टूटी हुई हैं। कई बार इन्हें सही कराने के लिए शिकायत भी की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जल्द ही सड़
जाए, ताकि बारिश में समस्या न हो।
वीर शर्मा, अखबंदपुर
0
व में सड़क टूटी हुई है। मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित है। बारिश के दौरान निकलना दुश्वार हो जाता है। हादसे होने का डर बना र
ल्द ही सड़क की मरम्मत कराई जाए।

Scanned with CamScanner